# पढ़ें गढ़ें बढ़ें

## भाग – 2

आद्री
ADRI

राज्य संसाधन केंद्र, आद्री
रांची ( झारखंड )

साक्षर भारत

# पढ़ें गढ़ें बढ़ें


## भाग – 2

## विषय-सूची



| पाठ | शीर्षक | नए लिपि संकेत | गणित | विषय वस्तु | पृ.सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पेड़–पौधे लाते वर्षा | ौ ष र्‍ | स्थानीय मान | जंगल और पर्यावरण | 88 |
| 2. | खेती और उपजाऊ जमीन | औ उ ऊ | हासिल का जोड़ | जमीन का उपजाऊपन | 94 |
| 3. | जच्चा बच्चा की सुरक्षा | च्‍ क्ष | हासिल का जोड़ | स्वास्थ्य | 100 |
| 4. | झोला छोड़कर ओझा भागा | झ छ | हासिल का घटाव | सामाजिक बुराई | 106 |
| जांच पत्रक – 4 | | | | | |
| 5. | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून | ्र ्र ण | गुणा सीखें | योजना | 114 |
| 6. | इंदिरा आवास मिला | इ | 3 से 8 तक का पहाड़ा | सूचना के अधिकार का प्रयोग | 120 |
| 7. | अपना श्रम खुशहाल गृहस्थी | श्र ृ | हासिल का गुणा तथा समय देखना | स्वरोजगार | 126 |
| 8. | ऋण के लिए आवेदन–पत्र | ऋ त्र | भाग तथा रुपए पैसे का जोड़ | आवेदन–पत्र लिखना | 132 |
| जांच पत्रक – 5 | | | | | |
| 9. | ढोंगी या ज्ञानी | ढ ज्ञ | माप–तौल की जानकारी | मनोरंजक | 140 |
| 10. | पलायन की नौबत | | संकेतों की पहचान | पलायन | 146 |
| 11. | सरहुल आया | | कैलेंडर देखना | पर्व त्योहार | 152 |
| 12. | झारखंड के शहीद | | गणित दुहराना | शहीदों के बारे में | 158 |
| जांच पत्रक – 6 | | | | | |

# पाठ - 1



# पेड़ पौधे लाते वर्षा

ौ ष र्

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ौ | पौधा | चौकी | कठौती | सौ |
| ष | विष | विशेष | अषाढ़ | संतोष |
| र् | दर्द | कार्ड | कर्ज | शर्बत |

वर्षा कम हुई। खेत सूखे पड़े थे। सबके लिए यह चिंता का विषय था। धरमा मुर्मू के घर में बैठकर सभी चर्चा कर रहे थे।

भोलू – वर्षा कम होने की कोई तो वजह होगी।

धरमा मुर्मू – वजह साफ है। पेड़–पौधे कम तो वर्षा कम। पेड़ पौधे ही तो वर्षा लाते हैं।

गौतम – हमारी खेती वर्षा पर निर्भर है। धीरे–धीरे जंगल कटते जा रहे हैं। भला वर्षा कैसे होगी?

आशीष – जंगल और पेड़–पौधे हमारी दौलत हैं। जंगल से जलावन की लकड़ियां मिलती हैं। जड़ी–बूटियां मिलती हैं।

गौतम – लेकिन हम पेड़–पौधों को कैसे बचा सकते हैं?

आशीष – जंगल को कटने से बचाकर। पेड़–पौधे रहने के कई लाभ हैं। ये बारिश का जोर सह लेते हैं। माटी नहीं कटती है। साथ ही पानी रिसकर जमीन के भीतर समाता है।

धरमा मुर्मू – हां ठीक कहते हो। हम पेड़ नहीं कटने देंगे। आओ चलें, पेड़ लगाएं – जंगल बचाएं।

# गणित

## स्थानीय मान सीखें :

| | सैकड़ा | दहाई | इकाई |
|---|---|---|---|
| 5 | 0 | 0 | 5 |
| 9 | 0 | 0 | 9 |
| 10 | 0 | 1 | 0 |
| 20 | 0 | 2 | 0 |
| 30 | 0 | 3 | 0 |
| 90 | 0 | 9 | 0 |
| 99 | 0 | 9 | 9 |
| 100 | 1 | 0 | 0 |

## अभ्यास

1. चौखटे में दिए गए अक्षरों को सामने के अक्षरों से पहचानकर घेरें :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चौखट | चौबीस | चौखट | कठौत | चौसठ |
| विशेष | विशेष | विरोध | विशाल | विदेश |

2. पढ़ें और सवालों के जवाब लिखें :

पेड़-पौधों की मदद से वर्षा होती है। वर्षा का पानी नदी नालों में चला जाता है। सूरज की गर्मी से नदी नालों का पानी भाप बनता है। भाप जमा होकर बादल बन जाते हैं। यही बादल ठंढे होकर बूंदों के रूप में बरसते हैं। जंगल वाली जगहों में वर्षा अधिक होती है। जंगल कटने से वर्षा कम होगी। पैदावार कम होगी।

- वर्षा किनकी मदद से होती है?
  ..........................................................................................

- अधिक वर्षा कहां होगी?
  ..........................................................................................

3. सही–गलत पर निशान लगाएं :

- जंगल कटने से वर्षा अधिक होती है। (सही/गलत)
- खेती वर्षा पर ही निर्भर है। (सही/गलत)
- पेड़–पौधे रहने से माटी कटती है। (सही/गलत)
- जंगल से जलावन की लकड़ियां मिलती हैं। (सही/गलत)

4. उचित शब्दों से वाक्य पूरा करें :

- धीरे–धीरे ........... कटता जा रहा है। (मंगल/जंगल)
- पेड़–पौधे हमारी ........... हैं। (दौलत/ओलत)
- पेड़–पौधे बारिश का ......... सह लेते हैं। (मोर/जोर)
- पानी रिसकर ...... के भीतर समाता है। (पहाड़/जमीन)

5. ‘़’ लगाकर चार शब्द लिखें :




जैसे : फर्क

.................

.................

.................

.................

6. पढ़े पाठ के आधार पर सवालों के जवाब लिखें :

- हमारी खेती किस पर निर्भर है?

  ..........................................................................


- हम पेड़-पौधों को कैसे बचा सकते हैं?

  ..........................................................................

- जंगल से मिलनेवाली दो चीजों के नाम लिखें?

  ..........................................................................

7. चित्र देखकर दो वाक्य लिखें :



..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

8. स्थानीय मान लिखें :

| | सैकड़ा | दहाई | इकाई |
|---|---|---|---|
| 8 | | | |
| 25 | | | |
| 68 | | | |
| 80 | | | |
| 100 | | | |
| 324 | | | |

9. हल करें :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 98 | 76 | 100 | 250 |
| + 51 | + 72 | + 150 | + 117 |
| _____ | _____ | _____ | _____ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 300 | 250 | 580 | 450 |
| − 100 | − 150 | − 250 | − 400 |
| _____ | _____ | _____ | _____ |

# पाठ - 2



# खेती और उपजाऊ जमीन

## औ उ ऊ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| औ | औरत | औजार | औलाद | औसत |
| ऊ | ऊन | ऊखल | ऊंचा | टिकाऊ |
| उ | उपाय | उदास | उंगली | उजला |

उदय और सऊद खेत की ओर जा रहे थे। उदय को उदास देख सऊद ने पूछा - किस सोच में पड़े हो उदय?

उदय - मेरी जमीन दिनों-दिन ऊसर होती जा रही है। कोई उपाय नहीं दिख रहा है।

सऊद- घबराने की बात नहीं है। जमीन उपजाऊ बन सकती है।

उदय - वह कैसे?

सऊद - जमीन को ठीक से जोतो कोड़ो। उसमें गोबर और केंचुआ खाद डालो। रासायनिक खाद का उपयोग कम करो।

उदय - और भी उपाय है?

सऊद - हां। एक काम और करना। खेत के चारों ओर नाला खोद देना। नाले के ऊपर फलदार पौधे लगा देना। नाले में वर्षा का पानी ठहरेगा। ऐसा करने से जमीन और उपजाऊ होगी।

उदय - काश। यह सब जानकारी पहले मिल जाती।

# गणित

## हासिल का जोड़

$$\begin{array}{r} +1 \\ 32 \\ +18 \\ \hline 50 \end{array} \qquad \begin{array}{r} 2 \\ +8 \\ \hline 10 \end{array} \qquad\qquad \begin{array}{r} +1 \\ 73 \\ +19 \\ \hline 92 \end{array} \qquad \begin{array}{r} 3 \\ +9 \\ \hline 12 \end{array}$$

## अभ्यास

1. समान शब्दों को लकीर खींचकर मिलाएं :

| | |
|---|---|
| औजार | उपाय |
| औषधि | उठना |
| उपाय | टिकाऊ |
| टिकाऊ | औषधि |
| बिकाऊ | औजार |
| उठना | बिकाऊ |

2. पढ़ें और पूछे गए सवालों के जवाब लिखें :

जमीन को उपजाऊ बनाने के कई उपाय हैं। समय समय पर माटी की जांच करवाएं। गोबर अथवा केंचुआ खाद का उपयोग करें। रासायनिक खाद तथा कीटनाशक का उपयोग कम करें। खेत के बगल में ही बोरिंग करवाएं। फसल बदल बदलकर भी खेती करें। जमीन की उपज बढ़ेगी।

- किसकी जांच करानी चाहिए?

  ..........................................................................

- खेत में किस चीज का उपयोग करें?

  ..........................................................................

3. लिखें :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उ | .......... | .......... | .......... | .......... |
| ऊ | .......... | .......... | .......... | .......... |
| औ | .......... | .......... | .......... | .......... |
| उपज | .......... | .......... | .......... | .......... |
| ऊपर | .......... | .......... | .......... | .......... |
| उजाला | .......... | .......... | .......... | .......... |
| औलाद | .......... | .......... | .......... | .......... |

4. चौखटे में दिए गए शब्दों में 'औ', 'उ', 'ऊ' जोड़कर नए शब्द बनाएं :

औ
उ
ऊ

जार
पर
न
जला
रत
दास

जैसे : औरत

.....................

.....................

.....................

.....................

.....................

5. अपने मन से जमीन को उपजाऊ बनाने के तीन उपाय लिखें :

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

6. बाएं से दाएं तथा ऊपर से नीचे मिलाकर शब्द बनाएं :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | जा | ला | | | | |
| | | ल | | | | |
| | | च | म | क | | |
| | | | | ठौ | | |
| | | | | ती | स | रा |

जैसे : उजाला

........................

........................

........................

........................

7. दो टुकड़े वाक्यों को मिलाकर पूरा करें :

| | |
|---|---|
| जमीन दिनों-दिन | नाला खोद देना। |
| रासायनिक खाद का | की जांच कराएं। |
| खेत के चारों ओर | ऊसर होती जा रही है। |
| समय-समय पर माटी | उपयोग कम करो। |


..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

8. चित्र देखकर बताएं कि क्या हो रहा है :



........................................................................................................................

........................................................................................................................


........................................................................................................................

........................................................................................................................

9. हल करें :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 1 | 6 6 | 7 5 | 7 8 |
| + 1 9 | + 1 5 | + 1 8 | + 2 5 |
| ______ | ______ | ______ | ______ |

# पाठ - 3



# जच्चा बच्चा की सुरक्षा

## च क्ष

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| च | बच्चा | कच्चा | सच्चाई | खच्चर |
| क्ष | पक्ष | क्षमा | शिक्षक | पक्षी |

देवंती दादी विमला के घर पहुंची। विमला कुएं से पानी लाने गई थी। देवंती दादी को देखते ही उसने जोहार कहा।

देवंती दादी – ''बहू, तुम्हारा तीसरा महीना चल रहा है। तुमने अस्पताल वाली डॉक्टरनी को दिखलाया या नहीं?''

विमला – ''दादी, मैं गर्भ का पता लगते ही वहां गई थी। पंजीयन कराया। टिटनेस का पहला टीका भी लगवाया।''

देवंती दादी – ''तुम तो बड़ी होशियार हो बहू। परंतु ऐसे समय में अधिक भार नहीं उठाना चाहिए।''

विमला – दादी, थोड़ा काम करना भी तो जरूरी है।

देवंती दादी – ''लेकिन तुम्हें अपना ख्याल भी रखना चाहिए। ऐसे समय में साग-सब्जी और दूध लेना चाहिए। शरीर में खून की कमी नहीं होगी।''

विमला – ''दादी, मैं आपकी बताई बातों का ध्यान रखूंगी।''

देवंती दादी – ''एक बात याद रखना। डिलिवरी अस्पताल में ही कराना। जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित रहेंगे।''

# आधे अक्षरों को पहचानें

| पूरा अक्षर | आधा अक्षर | शब्दों में इस्तेमाल | |
|---|---|---|---|
| ख | ख् | जख्म | ख्याल |
| ग | ग् | सुग्गा | ग्यारह |
| ज | ज् | ज्वाला | उज्जवल |
| त | त् | पत्नी | पत्तल |
| थ | थ् | तथ्य | मिथ्या |
| ध | ध् | मध्यम | ध्यान |
| न | न् | कन्या | न्याय |
| प | प् | पप्पू | प्यार |

| पूरा अक्षर | आधा अक्षर | शब्दों में इस्तेमाल | |
|---|---|---|---|
| ब | ब् | नब्बे | डब्बा |
| भ | भ् | सभ्य | अभ्यास |
| म | म् | चम्पा | नम्बर |
| ल | ल् | हल्ला | मल्लाह |
| व | व् | व्यय | व्यवहार |
| श | श् | श्याम | दृश्य |
| ष | ष् | कष्ट | राष्ट्र |
| स | स् | स्कूल | स्थान |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | क् | क्या | इक्का | वाक्य | वक्त | रक्त | क्यों |
| फ | फ् | मुफ्त | गिरफ्तार | दफ्तर | रफ्तार | कोफ्त | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ट | ट् | मिट्टी | लट्टू | खट्टा |
| ड | ड् | गड्ढा | लड्डु | अड्डा |

## अभ्यास

1. पढ़ें और सवालों के जवाब लिखें :

### गर्भवती महिलाओं के लिए टीका

| | |
|---|---|
| गर्भ ठहरने के चार महीने के भीतर | टेटनस का पहला टीका |
| पहले टीके के एक महीना बाद | टेटनस का दूसरा टीका |

### बच्चों के लिए टीका

| उम्र | बीमारी | टीके का नाम |
|---|---|---|
| डेढ़ महीना | टी.बी. (तपेदिक)<br>गलघोंटू, काली खांसी<br>टेटनस, पोलियो | बी.सी.जी.<br>डी.पी.टी.-1<br>पोलियो-1 की खुराक |
| ढाई महीना | गलघोंटू, काली खांसी<br>टेटनस, पोलियो | डी.पी.टी.-2<br>पोलियो-2 की खुराक |
| साढ़े तीन महीना | गलघोंटू, काली खांसी<br>टेटनस, पोलियो | डी.पी.टी.-3<br>पोलियो-3 की खुराक |
| नौ महीना | खसरा | खसरे का टीका |
| एक साल तीन महीना से दो साल तक | गलघोंटू, काली खांसी<br>टेटनस, पोलियो | डी.पी.टी. का बुस्टर टीका, पोलियो का बुस्टर खुराक |

- गर्भवती महिलाओं को टेटनस का पहला टीका कब लगता है?

  ..........................................................................

- डी.पी.टी. का टीका किस-किस रोग से बचाता है?

..............................................................................

- नौ महीने की आयु में बच्चों को कौन सा टीका लगाया जाता है?

..............................................................................

2. सही जोड़ा मिलाएं :

| उम्र | टीका |
|---|---|
| डेढ़ महीना<br>साढ़े तीन महीना<br>नौ महीना<br>दो साल | खसरे का टीका<br>पोलियो की बुस्टर खुराक<br>बी.सी.जी.<br>डी.पी.टी. - 3 |

3. लिखें :

बच्चा .......... .......... .......... ..........

सच्चा .......... .......... .......... ..........

रक्षा .......... .......... .......... ..........

शिक्षा .......... .......... .......... ..........

साक्षरता .......... .......... .......... ..........

4. पाठ के आधार पर सवालों के जवाब लिखें :

- देवंती दादी किसके घर पहुंची?

..............................................................................

- गर्भवती महिला को कैसा भोजन लेना चाहिए?

..........................................................................................................

- डिलिवरी कहां करानी चाहिए?

..........................................................................................................

5. चित्र देखकर लिखें :



..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

6. हल करें :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 5 | 7 6 | 7 8 | 8 9 |
| + 5 6 | + 2 8 | + 4 8 | + 4 7 |
| ______ | ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ | ______ |

# पाठ - 4 झोला छोड़कर ओझा भागा

## झ छ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| झ | झरना | झाड़ू | झगड़ा | सांझ |
| छ | छड़ी | छाता | मछली | पूंछ |




इसने पौलुस के बेटे को डायन किया है। मैंने मुर्गे की बलि देकर सच जान लिया है।
6
दीदी, देखो तो यह मुझ पर गलत इलजाम लगा रहा है।
7
अब किसे भी बोलो कोई फायदा नहीं। कल पंचायत में फैसला हो जाएगा।
....... ओझा ने झोले से भभूत निकाला। उसे झुलनी पर छिड़कने लगा।
8
सहिया दीदी गुस्सा गई ...
बंद करो यह सब। ओझा झूठ बोल रहा है। यह झुलनी से पैसे ठगने की चाल में है।
9
मैं अभी पौलुस के घर से आ रही हूं। उसके बेटे को मलेरिया है। डॉक्टर ने दवा दे दी है। कल तक उसका बुखार उतर जाएगा।
10
सारी महिलाएं ओझा की तरफ बढ़ने लगीं। ओझा की पोल खुल गई। उसने भागने में ही भलाई समझी।
अरे छगन, अपना झोला तो लेता जा।
11

# गणित

## हासिल का घटाव :

(3 - 1 = 2)

| | |
|---|---|
| 35 | 15 |
| - 19 | - 9 |
| 16 | 6 |

(7 - 1 = 6)

| | |
|---|---|
| 73 | 13 |
| - 27 | - 7 |
| 46 | 6 |

## अभ्यास

1. समान शब्दों को लकीर खींचकर मिलाएं :

| | |
|---|---|
| पौलुस | छाता |
| झगड़ा | मछली |
| छाता | पौलुस |
| मछली | झगड़ा |

2. पढ़ें और पूछे गए सवालों के जवाब लिखें :

अभी भी कई लोग झाड़फूंक के लिए ओझा के पास जाते हैं। ओझा लोगों की अशिक्षा का लाभ उठाते हैं। वे झाड़फूंक की आड़ में गांव की विधवा व कमजोर महिलाओं को डायन बताते हैं।

ऐसी महिलाएं लोगों के गुस्से का शिकार होती हैं।

कभी-कभी मार भी डाली जाती हैं। ऐसा करना अपराध है। कड़ी कानूनी सजा दी जाती है।

- लोगों की अशिक्षा का लाभ कौन उठाते हैं?

  ..............................................................................

- ओझा किन महिलाओं को डायन बताते हैं?

  ..............................................................................

- किसी महिला को डायन कहकर सताने वाले के साथ कानून क्या करता है?

  ..............................................................................

3. खाली जगहों को भरें :

- झुलनी खेत पर ............... कर रही थी।
- तुम्हारी ............... गांववालों के सामने लाऊंगा।
- ओझा ने झोले से ............... निकाला।
- महिलाएं ............... की तरफ बढ़ने लगीं।

4. लिखें :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| झ | .......... | .......... | .......... | .......... |
| छ | .......... | .......... | .......... | .......... |
| झंडा | .......... | .......... | .......... | .......... |
| झरोखा | .......... | .......... | .......... | .......... |
| मछली | .......... | .......... | .......... | .......... |
| कछुआ | .......... | .......... | .......... | .......... |

5. चित्रों के नाम लिखें :





.................. ..................

6. हल करें :

| | | |
|---|---|---|
| $45 - 26 =$ ____ | $56 - 18 =$ ____ | $58 - 39 =$ ____ |
| $65 - 47 =$ ____ | $75 - 46 =$ ____ | $90 - 45 =$ ____ |

## जांच पत्रक – 4 

T - 4

1. पढ़ें और पूछे गए सवालों के जवाब लिखें :

हमारे खेतों की उर्वरा शक्ति घटती जा रही है। वर्मी कंपोस्ट से हम खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ा सकते हैं।

वर्मी कंपोस्ट बनाने के लिए गोबर, पत्ता, सब्जियों के अवशेष आदि की जरूरत होती है। वर्मी कंपोस्ट में एक विशेष किस्म का केंचुआ डाला जाता है। दो महीने में खाद तैयार हो जाती है।

- खेतों की उर्वरा शक्ति कैसे बढ़ा सकते हैं?

  ..........................................................................

  ..........................................................................

- वर्मी कंपोस्ट किन चीजों से मिलकर बनता है?

  ..........................................................................

  ..........................................................................

2. खाली जगहों को भरें :

- हमारी खेती ............... पर ही निर्भर है।
- जमीन ............... बन सकती है।
- विमला ............... से पानी लाने गई थी।
- डिलिवरी ............... में ही कराना।
- उसने भागने में ही ............... समझी।

3. चौखटे में दिए शब्दों में 'ै', 'औ', 'उ' जोड़कर शब्द बनाएं :

ै

औ

उ

| शब्द | |
| --- | --- |
| लाद | ......................... |
| पधा | ......................... |
| जला | ......................... |
| घड़ | ......................... |
| धार | ......................... |
| दलत | ......................... |

4. पढ़े पाठ के आधार पर सवालों के जवाब लिखें :


- जलावन की सूखी लकड़ियां हमें कहां से मिलती हैं?
  ......................................................................

- जमीन उपजाऊ कैसे बन सकती है?
  ......................................................................


- टिटनेस का पहला टीका कब लगवाना चाहिए?
  ......................................................................

- ओझा क्यों भाग खड़ा हुआ?
  ......................................................................

5. चित्रों के नाम लिखें :



................



................

6. पोस्टर देखकर तीन वाक्य लिखें :




........................................

........................................

........................................

........................................

........................................

........................................


7. अंकों के स्थानीय मान लिखें :

| | सैकड़ा | दहाई | इकाई |
|---|---|---|---|
| 8 | | | |
| 25 | | | |
| 75 | | | |
| 100 | | | |

8. हल करें :

$$\begin{array}{r} 75 \\ +27 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 85 \\ +15 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 72 \\ -28 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 85 \\ -47 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

# पाठ - 5



# राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून

्र ्र ण

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ्र | ट्रक | ट्रेन | मैट्रिक | हैट्रिक |
| ्र | क्रम | ग्राम | प्रयास | चक्रीय |
| ण | बाण | परिणाम | वाणी | गुण |

जगत धूप सेंक रहा था। रात भर खांसता रहा था। तभी पूरन आया। वह उसके बेटे प्रकाश का दोस्त था। पूछा – ‘‘अब कैसी तबीयत है? प्रकाश को शहर से क्यों नहीं बुला लेते?’’

जगत – ‘‘कैसे बुला लूं। गांव में काम कहां है।’’

पूरन हंसा – ‘‘अब गांव में नई बयार बह रही है। साल में 100 दिन काम की गारंटी।’’ जगत खांसना भूल गया।

पूरन – ‘‘अब राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून बन गया है। हर परिवार के एक वयस्क को काम मिलेगा। वह भी गांव के आसपास। काम न मिला तो बेरोजगारी भत्ता मिलेगा।’’

जगत – ‘‘कैसे होगा यह?’’

पूरन – ‘‘सरकारी खाता में नाम लिखवाना होगा। तब परिवार का जॉब कार्ड बनेगा। फिर पन्द्रह दिन के भीतर काम।’’

जगत – ‘‘क्या बताया – राष्ट्रीय?’’

‘‘अरे, बस नरेगा याद रखो।’’ पूरन जाते-जाते बोला।

जगत – ‘‘प्रकाश को आज ही खबर करनी होगी।’’

# गणित

## गुणा सीखें

2 + 2 + 2 या 2 x 3 = 6

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | = | 2 x 1 | = | 2 |
| 2+2 | = | 2 x 2 | = | 4 |
| 2+2+2 | = | 2 x 3 | = | 6 |
| 2+2+2+2 | = | 2 x 4 | = | 8 |
| 2+2+2+2+2 | = | 2 x 5 | = | 10 |
| 2+2+2+2+2+2 | = | 2 x 6 | = | 12 |
| 2+2+2+2+2+2+2 | = | 2 x 7 | = | 14 |
| 2+2+2+2+2+2+2+2 | = | 2 x 8 | = | 16 |
| 2+2+2+2+2+2+2+2+2 | = | 2 x 9 | = | 18 |
| 2+2+2+2+2+2+2+2+2+2 | = | 2 x 10 | = | 20 |

## गुणा सीखें

**किसी चीज का बराबर-बराबर हिस्सा बार-बार जोड़ते जाना गुणा कहलाता है। इसे पहाड़ा के जरिए जोड़ा जाता है। गुणा का चिह्न ( x ) है।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 4 | 8 |
| x 2 | x 2 | x 2 | x 2 |
| 4 | 14 | 8 | 16 |

## अभ्यास

1. पढ़ें और पूछे गए सवालों के जवाब लिखें :

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को नरेगा भी कहते हैं। नरेगा पूरे देश में लागू है।

नरेगा में महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं हैं। उन्हें पुरुषों के बराबर मजदूरी मिलती है। काम का एक तिहाई हिस्सा महिलाओं के लिए होगा। महिला मजदूर के बच्चों की देखभाल की व्यवस्था है। देखभाल करनेवाली महिला को बाकी मजदूरों जितनी मजदूरी दी जाती है।

- राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को क्या कहते हैं?

  ....................................................................................

- महिला मजदूरों को किसके बराबर मजदूरी मिलती है?

  ....................................................................................

- बच्चों की देखभाल करनेवाली महिला को कितनी मजदूरी दी जाती है?

  ....................................................................................

2. खाली जगहों को भरें :

- काम न मिला तो .............. भत्ता मिलेगा।
- परिवार का .............. कार्ड बनेगा।
- नरेगा में .............. के लिए विशेष सुविधाएं हैं।

3. लिखें :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ट्र | .......... | .......... | .......... | .......... |
| ड्र | .......... | .......... | .......... | .......... |
| प्र | .......... | .......... | .......... | .......... |
| ग्र | .......... | .......... | .......... | .......... |
| प्राण | .......... | .......... | .......... | .......... |
| ग्रहण | .......... | .......... | .......... | .......... |

4. पाठ के आधार पर सवालों के जवाब लिखें :

- पूरन किसका दोस्त था?
  ..................................................................

- नरेगा में एक परिवार को कितने दिन काम मिलेगा?
  ..................................................................


- परिवार का कौन-सा कार्ड बनेगा?
  ..................................................................

5. बाक्स में दिए गए अक्षरों से अधूरे शब्दों को पूरा करें :

ट्र प्र ग्र ण

| | | |
|---|---|---|
| .....क | .....काश | .....ह |
| बा..... | गु..... | मै....क |
| .....ाम | परि.....ाम | राव..... |

6. चित्र देखकर चार वाक्य लिखें :



..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

7. पहाड़ा पूरा करें :

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 8 | | | | 16 | | 20 |

8. गुणा करें :

$$\begin{array}{r} 7 \\ \times\ 2 \\ \hline \\ \hline \end{array} \quad \begin{array}{r} 2 \\ \times\ 6 \\ \hline \\ \hline \end{array} \quad \begin{array}{r} 8 \\ \times\ 2 \\ \hline \\ \hline \end{array} \quad \begin{array}{r} 5 \\ \times\ 2 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

# पाठ-6



प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय
सूचना का अधिकार
शासन व्यवस्था में खुलापन लाना
शासन व्यवस्था को जनता के प्रति जवाबदेह बनाना
रोजमर्रा के समस्या के बारे में सरकार से सूचना लेना।

# इंदिरा आवास मिला

## इ

| इ | इस | इमली | लाइन | इंजोर |
| --- | --- | --- | --- | --- |

सनिचरी को रहने के लिए अपना घर नहीं था। अगली बरसात कैसे बीतेगी? – यह सोचकर वह परेशान रहती।

एक दिन मोहन ने कहा – ''काकी, इंदिरा आवास के लिए सूची बन रही है। तुम भी अपना नाम चढ़वा लो।''

सनिचरी ने वैसा ही किया। पंचायत सेवक से आवेदन लिया। उसे भरकर जमा कर दिया।

एक वर्ष बीत गया। परंतु उसे इंदिरा आवास न मिला। कई बार उसने ब्लॉक के चक्कर लगाए।

दीनू ने कहा – इस तरह दौड़ने से काम नहीं चलेगा। अब सूचना का अधिकार कानून लागू हो गया है। प्रखंड से लिखित जानकारी मांगो। अब तक इंदिरा आवास क्यों नहीं मिला है।

दीनू ने आवेदन बनाया। सनिचरी ने पढ़कर हस्ताक्षर किया। आवेदन देते ही अधिकारियों में खलबली मच गई। दस दिनों के अंदर उसे इंदिरा आवास की राशि मिल गई।

सूचना के अधिकार का कमाल। अब सनिचरी का अपना एक घर है।

# गणित

## 3 से 8 तक का पहाड़ा सीखें :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | x | 1 | = | 3 |
| 3 | x | 2 | = | 6 |
| 3 | x | 3 | = | 9 |
| 3 | x | 4 | = | 12 |
| 3 | x | 5 | = | 15 |
| 3 | x | 6 | = | 18 |
| 3 | x | 7 | = | 21 |
| 3 | x | 8 | = | 24 |
| 3 | x | 9 | = | 27 |
| 3 | x | 10 | = | 30 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 8 | 10 | 12 | 14 | 16 |
| 12 | 15 | 18 | 21 | 24 |
| 16 | 20 | 24 | 28 | 32 |
| 20 | 25 | 30 | 35 | 40 |
| 24 | 30 | 36 | 42 | 48 |
| 28 | 35 | 42 | 49 | 56 |
| 32 | 40 | 48 | 56 | 64 |
| 36 | 45 | 54 | 63 | 72 |
| 40 | 50 | 60 | 70 | 80 |

## गुणा सीखें

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | 3 | 6 | 9 |
| x 4 | x 6 | x 5 | x 5 |
| 12 | 18 | 30 | 45 |

## अभ्यास

1. **पढ़ें और पूछे गए सवालों के जवाब लिखें :**

सूचना पाना हमारा अधिकार है। यह अधिकार हमें सूचना का अधिकार कानून से मिला है। अब कोई भी नागरिक सीधे सूचना मांग सकता है। रिकार्ड को देख सकता है। रिकार्ड की नकल ले सकता है।

इसके लिए आवेदन देना होगा। आवेदन के साथ 10 रुपए का शुल्क लगता है। आवेदन के 30 दिन के अंदर सूचना दी जाती है।

- कानून से हमें क्या अधिकार मिला है?

  ..............................................................................

- कितने दिनों के अंदर सूचना देनी होती है?

  ..............................................................................

2. **बाएं से दाएं तथा ऊपर से नीचे मिलाकर शब्द बनाएं :**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | वा | स | | | | |
| | | प | | | | |
| | | ना | य | क | | |
| | | | | ल | | |
| | | | | म | हा | न |

जैसे : आवास

.................

.................

.................

.................

3. 'इ' लगाकर चार शब्द लिखें :




जैसे : इक्कीस

..........................

..........................

..........................

..........................

4. पाठ के आधार पर सवालों के जवाब लिखें :

- सनिचरी ने किससे आवेदन लिया?

  ......................................................................................


- सनिचरी ने कहां से लिखित जानकारी मांगी?

  ......................................................................................

- सनिचरी को कितने दिनों के अंदर राशि मिली?

  ......................................................................................

5. चित्रों के नाम लिखें :




.....................



.....................

6. चित्र देखकर चार वाक्य लिखें :



................................................................................................

................................................................................................

................................................................................................


7. पहाड़ा पूरा करें :

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | 20 | | | | 36 | |

8. गुणा करें :

$$\begin{array}{r} 3 \\ \times\ 5 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 3 \\ \times\ 8 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 7 \\ \times\ 6 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

# पाठ – 7



# अपना श्रम खुशहाल गृहस्थी

**श्र ृ**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्र | श्रमिक | मिश्री | परिश्रम | श्रीमान |
| ृ | वृक्ष | गृहिणी | दृष्टि | मातृत्व |

कृष्णा अपनी छोटी सी जमीन पर सब्जी उगाता था। इसी से उसकी गृहस्थी चलती थी।

श्रद्धा पति के काम में हाथ बंटाती थी। साथ ही कुछ रोजगार करने की भी सोचती थी।

एक दिन मृदुला ने बतलाया – ''मैंने मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण लिया है। प्रशिक्षण के बाद मुझे कुछ सामान भी मिले। आज मधु बेचकर कुछ आमदनी हो जाती है।''

श्रद्धा को उसकी बात अच्छी लगी। उसने कृष्णा से बात की। कृष्णा ने कहा – ''श्रम करके आमदनी बढ़ाने में हर्ज क्या है।''

श्रद्धा ने दो महीने का प्रशिक्षण लिया। योजना के तहत उसे दो मधुपेटी दिए गए। उसने मन लगाकर काम शुरू किया।

श्रद्धा रोज मधुमक्खी पालन में थोड़ा समय लगाती। उसके एक वर्ष के श्रम ने रंग दिखाया। पहली बार उसने नौ किलो मधु निकाला। अतिरिक्त श्रम से उसकी गृहस्थी खुशहाल हो गई।

# गणित

## पहाड़ा सीखें :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | x | 1 | = | 9 | 10 |
| 9 | x | 2 | = | 18 | 20 |
| 9 | x | 3 | = | 27 | 30 |
| 9 | x | 4 | = | 36 | 40 |
| 9 | x | 5 | = | 45 | 50 |
| 9 | x | 6 | = | 54 | 60 |
| 9 | x | 7 | = | 63 | 70 |
| 9 | x | 8 | = | 72 | 80 |
| 9 | x | 9 | = | 81 | 90 |
| 9 | x | 10 | = | 90 | 100 |

## हासिल का गुणा :

```
 +1
  1 2          2
x   8        x 8
-----        -----
  9 6        1 6
-----        -----

  1 3          1 5
x   7        x   5
-----        -----
  9 1          7 5
-----        -----
```

## समय देखना सीखें

घड़ी में तीन सूइयां होती हैं। दो मोटी और एक पतली। पतली सूई सेकंड बताती है। दो मोटी में बड़ी सूई मिनट बताती है। जबकि छोटी सूई घंटा बताती है।




इस चित्र में सबसे छोटी यानी घंटा की सूई 10 पर है। बड़ी यानी मिनट की सूई 12 पर है। यानी घड़ी में 10 बजे हैं।




इस चित्र में घंटा की सूई 10 पर हैं मिनट की सूई 3 पर है। यानी 10 बजकर 15 मिनट हुए। इसे सवा दस भी कहते हैं।

मिनट जानने के लिए या तो निशान गिनिए या अंकों को 5 से गुणा कर दीजिए : जैसे : 3 x 5 = 15, 1 x 5 = 5

| | | | |
|---|---|---|---|
| जानें : | 60 सेकंड | = | 1 मिनट |
| | 60 मिनट | = | 1 घंटा |
| | 24 घंटा | = | 1 दिन |

## अभ्यास

1. पढ़ें और पूछे गए सवालों के जवाब लिखें :

सरकार ने आठ घंटों की न्यूनतम मजदूरी तय की है। इससे ज्यादा अवधि के लिए अलग से मजदूरी देनी होगी। मर्द और औरत की मजदूरी बराबर है। अलग-अलग काम की अलग-अलग मजदूरी है। इसकी सूची प्रखंड कार्यालय में लगी होती है। कुछ जगहों पर उचित मजदूरी नहीं दी जाती है। इसकी सूचना श्रम पदाधिकारी या श्रम निरीक्षक को देनी चाहिए।

- सरकार ने कितने घंटों की न्यूनतम मजदूरी तय की है?
  ..........................................................................
- मजदूरी की सूची कहां लगी होती है?
  ..........................................................................
- किसके पास सूचना दी जानी चाहिए?
  ..........................................................................

2. लिखें :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्र | .......... | .......... | .......... | .......... |
| श्रृ | .......... | .......... | .......... | .......... |
| कृ | .......... | .......... | .......... | .......... |
| श्री | .......... | .......... | .......... | .......... |
| मिश्री | .......... | .......... | .......... | .......... |
| श्रमिक | .......... | .......... | .......... | .......... |
| श्रृंगार | .......... | .......... | .......... | .......... |

3. वाक्य पूरा करके लिखें :

| | |
|---|---|
| कृष्णा की छोटी | बढ़ाने में क्या हर्ज है। |
| श्रद्धा काम में | मधु निकाला। |
| श्रम करके आमदनी | सी जमीन थी। |
| उसने नौ किलो | हाथ बंटाती थी। |


..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

4. लिखें कि घड़ियों में कितने बजे हैं :




................



................

5. चित्र देखकर चार वाक्य लिखें :



.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

6. पहाड़ा पूरा करें :

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | | | | | 60 | | | | 100 |

7. गुणा करें :

$$\begin{array}{r} 14 \\ \times\ 5 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 23 \\ \times\ 4 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 15 \\ \times\ 6 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 25 \\ \times\ 7 \\ \hline \\ \hline \end{array}$$

# पाठ - 8



# ऋण के लिए आवेदन-पत्र

ऋ त्र

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ऋ | ऋतु | ऋषि | उऋण | ऋचा |
| त्र | मंत्र | त्रिशूल | मंत्री | मित्र |

जीवन ज्योति महिला समिति की बैठक थी। सभी सदस्य राधा के घर पर एकत्र हुईं।

सलमा - हमारा पत्ता प्लेट बनाने का रोजगार सफल रहा है। दिन पर दिन उसकी मांग बढ़ रही है।

कलरी - हां! टुसू मेले में हमारा बनाया पत्तल खूब बिका।

सुमित्रा - क्यों न हमलोग कोई दूसरा रोजगार भी शुरू करें। इससे हमलोगों की आमदनी में और वृद्धि होगी।

सलमा - लोगों को धानकुट्टी के लिए दूर जाना पड़ता है। हम मशीन से धान कूटने का काम शुरू कर सकते हैं।

राधा - विचार तो अच्छा है। लेकिन मशीन के लिए पैसा आएगा कहां से? अभी पास में मात्र दस हजार रुपए हैं।

कलरी - बैंक से ऋण लिया जाए। समूह में रोजगार के लिए पैंतीस हजार रुपए तक का ऋण मिल सकता है।

सावित्री - तब क्या सोचना? हमलोग आज ही ऋण लेने के लिए आवेदन-पत्र लिखते हैं।

ऋण लेने के लिए आवेदन-पत्र मैं लिखूंगी। कहते हुए सुमित्रा आवेदन-पत्र लिखने लगी।

# गणित

## भाग देना सीखें :

किसी चीज को बराबर-बराबर हिस्सों में बांटने को भाग देना कहते हैं। भाग का चिह्न (÷) ऐसा होता है।

4 ÷ 2 = 2

2 ) 4 ( 2
4
x

20 ÷ 5 = 4

5 ) 20 ( 4
20
xx

9 ÷ 3 = 3

3 ) 9 ( 3
9
x

56 ÷ 7 = 8

7 ) 56 ( 8
56
xx

## रुपए-पैसे को जोड़ना तथा घटाना सीखें :

| | रुपए | पैसे |
|---|---|---|
| | 2 0 | 5 0 |
| + | 1 5 | 2 5 |
| | 3 5 | 7 5 |

= 35 रुपए 75 पैसे

| | रुपए | पैसे |
|---|---|---|
| | 7 5 | 4 0 |
| − | 2 2 | 2 0 |
| | 5 3 | 2 0 |

= 53 रुपए 20 पैसे

1. लिखे आवेदन को पढ़ें और सवालों के जवाब लिखें :

सेवा में,
शाखा प्रबंधक
क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
सरायकेला-खरसावां

विषय : धानकुट्टी मशीन खरीदने हेतु ऋण के संबंध में।

महाशय,

निवेदन है कि हमलोगों की अपनी एक संस्था है। इसका नाम जीवन ज्योति महिला समिति है। हमलोगों ने निर्णय लिया है। संस्था गांव में धान कूटने की एक मशीन लगाएगी। लेकिन हमारे पास पूंजी की कमी है।

इसलिए आपसे एक अनुरोध है। हमें धानकुट्टी मशीन खरीदने हेतु 35 हजार रुपए का ऋण देने की कृपा करें।

विश्वासी
सुमित्रा
सचिव, जीवन ज्योति महिला समिति
चांडिल, सरायकेला-खरसावां

- आवेदन किसे लिखा गया है?
  ..............................................................................
- आवेदन किस विषय पर लिखा गया है?
  ..............................................................................

2. बाक्स में दिए गए शब्दों को उचित स्थानों में भरें :

| रोजगार | ऋण | एकता |
|---|---|---|

- सहकारी समिति से .............. पैदा होती है।
- स्वर्ण जंयती स्वरोजगार योजना से .......... मिलता है।
- पत्ता प्लेट का ......... काफी सफल रहा।

3. लिखें :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ऋ | .......... | .......... | .......... | .......... |
| ऋतु | .......... | .......... | .......... | .......... |
| ऋण | .......... | .......... | .......... | .......... |
| चित्र | .......... | .......... | .......... | .......... |

4. भाग दें :

2 ) 14 (        5 ) 40 (

5. हल करें :

| रुपए | पैसे |
|---|---|
| 3 5 | 5 0 |
| + 2 0 | 3 5 |
| | |

| रुपए | पैसे |
|---|---|
| 6 5 | 7 5 |
| − 2 5 | 1 0 |
| | |

## जांच पत्रक – 5

T - 5

1. पढ़ें और पूछे गए सवालों के जवाब लिखें :

ग्रामीण क्षेत्र के लिए सरकार की एक योजना है। इसका नाम स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना है।

योजना के तहत गरीब महिलाओं को समूह में संगठित किया जाता है। समूह में वे बचत एवं ऋण का लेन-देन करती हैं। समूह को बैंक से पूंजी उपलब्ध कराई जाती है। ताकि महिलाएं कोई रोजगार शुरू कर सकें।

इस योजना का लाभ उठाने के लिए बी.डी.ओ. को आवेदन पत्र देना पड़ता है।

- ग्रामीण क्षेत्र के लिए सरकार की कौन सी योजना है?

  ..........................................................................

- गठित समूह में महिलाएं क्या करती हैं?

  ..........................................................................

2. खाली जगहों को भरें :

श्रम पत्र अपना

- उसके एक वर्ष के .............. ने रंग दिखाया।
- अब सनिचरी का .............. एक घर है।
- सुमित्रा ने आवेदन .............. लिखा।

3. पाठ के आधार पर सवालों के जवाब लिखें :

- नरेगा में कितने दिनों का काम मिलना तय है?
  ..........................................................................
- सनिचरी का आवेदन किसने बनाया?
  ..........................................................................
- मृदुला ने किस चीज का प्रशिक्षण लिया?
  ..........................................................................
- किस मेले में पत्तल खूब बिका?
  ..........................................................................

4. बाक्स में दिए गए अक्षरों से दो-दो शब्द बनाएं :


| इ | श्र | त्र | ण |
|---|---|---|---|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| इ | ............ | ............ | त्र | ........... | .......... |
| श्र | ............ | ............ | ण | ........... | .......... |

5. दिए गए चित्रों के नाम लिखें :



.................



.................

6. गुणा करें :

| | | |
|---|---|---|
| 8<br>x 2 | 4<br>x 3 | 9<br>x 3 |
| 1 2<br>x 6 | 1 4<br>x 5 | 2 4<br>x 5 |


7. भाग दें :

3 ) 27 (        5 ) 40 (

8. हल करें :


| रुपए | पैसे | | रुपए | पैसे |
|---|---|---|---|---|
| 1 5 | 5 0 | | 5 0 | 5 0 |
| + 2 5 | 5 0 | | – 2 5 | 1 5 |

9. घड़ी में कितने बजे हैं? लिखें :





# पाठ-9



# ढोंगी या ज्ञानी

**ढ ज्ञ**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ढ | ढंग | ढेर | ढक्कन | ढोंग |
| ज्ञ | ज्ञान | अज्ञात | विज्ञान | आज्ञा |

एक दिन विमला के घर पर दो साधु आए। उन्होंने विमला से कहा – ‘‘हमें भूख लगी है। बढ़िया भोजन कराओ।’’

विमला को लगा ये ढोंगी हैं। साधु होकर बढ़िया भोजन की चिंता। उसने कहा – ‘‘महाराज हाथ मूंह धो लें। मैं भोजन का इंतजाम करती हूं।’’

एक साधु कुंए पर चला गया। विमला ने दूसरे से पूछा – ‘‘आप दोनों में से ज्ञानी कौन है?’’

वह बोला – ‘‘मैं असली ज्ञानी हूं। वह तो गधा है।’’

तभी पहला साधु लौट आया। दूसरा साधु कुएं पर चला गया। विमला ने पहले वाले से वही सवाल किया। उसने कहा – ‘‘मैं अधिक ज्ञानी हूं। वह तो एकदम बैल है।’’ विमला चुप रही।

तैयार होकर दोनों साधु खाने बैठे। विमला ने दो टोकरी घास लाकर सामने रख दी। कहा – ‘‘भोजन शुरू करें महाराज।’’ पहले तो दोनों चौंके, फिर विमला पर बिगड़ने लगे।

विमला ने कहा – ‘‘आप दोनों ने एक-दूसरे को गधा और बैल बताया। इसीलिए मैं घास लेकर आई।’’

सुनकर उनके चेहरे उतर गए। दोनों ढोंगी चलते बने।

# गणित

माप-तौल की जानकारी :

## तौल की जानकारी

| | | |
|---|---|---|
| 1000 ग्राम | = | 1 किलोग्राम |
| 100 किलोग्राम | = | 1 क्विंटल |
| 10 क्विंटल | = | 1 टन |

| किलोग्राम | ग्राम | | किलोग्राम | ग्राम |
|---|---|---|---|---|
| 42 | 250 | | 58 | 450 |
| + 22 | 150 | | − 35 | 300 |
| 64 | 400 | | 23 | 150 |

माप की जानकारी :

## द्रव पदार्थों की माप

| लीटर | मिलीलीटर |
|---|---|
| 5 0 | 500 |
| − 2 5 | 300 |
| 2 5 | 200 |

द्रव पदार्थों की माप लीटर में होती है

1000 मिलीलीटर = 1 लीटर

## लंबाई की माप

लंबाई की माप मीटर में होती है

100 सेंटीमीटर = 1 मीटर

1000 मीटर = 1 किलोमीटर

| मीटर | सेंटीमीटर |
|---|---|
| 5 2 | 2 5 |
| + 3 5 | 4 0 |
| 8 7 | 6 5 |

## अभ्यास

1. पढ़ें और सवालों के जवाब लिखें :

एक दिन मालती ने अपने बेटे को पकवान की एक पोटली दी। कहा - इसे बहन के ससुराल दे आओ। साथ ही बहन और उसके बच्चों का हाल-चाल पूछ आओ।

जाते वक्त लड़का अपना परछाई देखकर डर गया। उसे जानवर समझ लिया। सारे रास्ते उसके लिए पकवान फेंकता गया। बहन के घर पहुंचने तक सारा पकवान खत्म हो गया। उसने सोचा खाली हाथ बहन के घर कैसे जाएं? वह वापस घर लौट आया। उसने मां को सारी बातें बताईं। मां को उसकी नादानी पर बहुत अफसोस हुआ।

- बुढ़िया ने बेटे को क्या दिया?

  ............................................................................

- लड़का किस चीज से डर गया?

  ............................................................................

- लड़का बहन के घर क्यों नहीं जा सका?

  ............................................................................

2. चौखटे में दिए गए अक्षरों की मदद से शब्द पूरे करें :

ज्ञ ज्ञा ढ़ ढ़ी ढ़ा ढि

| | | |
|---|---|---|
| प.....ई | बा..... | .....न |
| य..... | सी..... | .....बरी |

3. दो टुकड़े वाक्यों को पूरा करके लिखें :

| | |
|---|---|
| एक दिन विमला के घर | चलते बने। |
| साधु होकर बढ़िया | पर बहुत अफसोस हुआ। |
| मां को उसकी नादानी | दो साधु आए। |
| दोनों ढोंगी | भोजन की चिंता। |

.....................................................................................

.....................................................................................


.....................................................................................

.....................................................................................


4. पढ़े पाठ के आधार पर सवालों के जवाब लिखें :

- साधु ने विमला से क्या मांगा?
  ..............................................................................
- विमला ने दूसरे साधु से क्या पूछा?
  ..............................................................................
- विमला ने दोनों साधुओं के सामने क्या रख दिया?
  ..............................................................................

5. चित्रों के नाम लिखें :



......................



......................

5. लिखें :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 किलोग्राम | = | ☐ | ग्राम |
| 1 क्विंटल | = | ☐ | किलोग्राम |
| 1 लीटर | = | ☐ | मिलीलीटर |
| 1 मीटर | = | ☐ | सेंटीमीटर |

6. हल करें :

| किलोग्राम | ग्राम |
|---|---|
| 25 | 250 |
| + 21 | 200 |
| | |

| किलोग्राम | ग्राम |
|---|---|
| 35 | 600 |
| – 15 | 500 |
| | |

| लीटर | मिलीलीटर |
|---|---|
| 70 | 400 |
| + 25 | 200 |
| | |

| लीटर | मिलीलीटर |
|---|---|
| 80 | 700 |
| – 25 | 100 |
| | |

| मीटर | सेंटीमीटर |
|---|---|
| 10 | 40 |
| + 20 | 25 |
| | |

| मीटर | सेंटीमीटर |
|---|---|
| 50 | 60 |
| – 10 | 35 |
| | |

# पाठ-10
# पलायन की नौबत




**मंगरा को अपनी जन्मभूमि से प्यार था। गांव से पलायन करना उसे मंजूर नहीं था। गांव की धरती उसके लिए मां जैसी थी।**












**मंगरा ने परिस्थितियों का सामना किया। उसने ठान लिया कि वह गांव को सूखे से मुक्त करेगा।**







**मंगरा ने अपने गांव को हरा-भरा कर दिखाया। काश, गांववाले भी परिस्थितियों से लड़ने को सोचते। ऐसा होता तो पलायन की नौबत न आती।**

# आइए पहचानें

## चिह्नों के बारे में जानें और पहचानें:

रेडक्रास – यहां डॉक्टरी सहायता मिलती है।

धूम्रपान निषेध – यहां बीड़ी सिगरेट न पीएं।

खतरा – बिजली, विस्फोटक के पास न जाएं।

पल्स पोलियो अभियान

दूरदर्शन

एगमार्क – खाने की चीजों पर यह निशान देखकर खरीदें।

एच.आई.वी./एड्स जागरूकता

साक्षर भारत मिशन

इन चिह्नों को देखें और याद रखें। साथ ही इसका पालन भी करें।

# अभ्यास

## 1. पढ़ें और सवालों के जवाब लिखें :

ग्रामीण क्षेत्र में कई सरकारी योजनाएं चल रही हैं। ऐसी ही एक योजना है राष्ट्रीय फसल बीमा योजना।

योजना का उद्देश्य कृषि कार्य को स्थिरता देना है। आपदाओं से फसलों को नुकसान होने पर किसानों को वित्तीय सहायता दी जाती है। बदले में किसानों को छोटी राशि का प्रिमियम देना होता है। इस योजना में छोटे-बड़े सभी किसान शामिल हैं।

- ग्रामीण क्षेत्र में कौन एक योजना चल रही है?
  ..............................................................................................
- फसलों को नुकसान होने पर क्या दिया जाता है?
  ..............................................................................................
- योजना में कैसे किसान शामिल हो सकते हैं?
  ..............................................................................................

## 2. खाली जगहों को भरें :

- सभी लोग गांव छोड़कर .............. जा रहे थे।
- मंगरा अपने .............. के साथ गांव में ही रूका।
- मंगरा ने खेत के चारों तरफ ........... के पौधे लगाए।
- आखिर वक्त ने ................ बदली।

3. लिखें :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कर्म | .......... | .......... | .......... | .......... |
| प्रसन्न | .......... | .......... | .......... | .......... |
| हिम्मत | .......... | .......... | .......... | .......... |
| वर्त्तमान | .......... | .......... | .......... | .......... |
| विज्ञान | .......... | .......... | .......... | .......... |

4. पढ़े पाठ के आधार पर सवालों के जवाब लिखें :

- एक बार गांव में क्या हुआ?

  ..............................................................................

- मंगरा को क्या मंजूर नहीं था?

  ..............................................................................

- मंगरा ने गांव में रहकर क्या किया?

  ..............................................................................

  ..............................................................................

5. चिह्नों का मतलब लिखें :



..................



..................

6. चित्र देखकर लिखें :



..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

7. हल करें :

| किलोग्राम | ग्राम |
| --- | --- |
| 80 | 500 |
| + 15 | 250 |
| | |

| किलोग्राम | ग्राम |
| --- | --- |
| 50 | 250 |
| – 25 | 250 |
| | |

| मीटर | सेंटीमीटर |
| --- | --- |
| 25 | 40 |
| + 10 | 20 |
| | |

| मीटर | सेंटीमीटर |
| --- | --- |
| 40 | 50 |
| – 25 | 00 |
| | |

# पाठ-11

# सरहुल आया




सरहुल का शुभ दिन है आया
खुशियों का संदेशा लाया
सरना धाम में हुई सफाई
सबके मन में मस्ती छाई
सबने ली सरना की धूल
लाए साल का पत्ता-फूल
जंगल में मंगल है छाया
सरहुल का शुभ दिन है आया



अखरा में पाहन आएंगे
साल की डहुंगी भी लाएंगे
घड़ा में रखा पानी होगा
पाहन जैसा ज्ञानी होगा
घट-बढ़ वह बतलाए हाल
कैसे बीते संवत-साल
तीर-धनुष भी वहीं रखाया
सरहुल का शुभ दिन है आया

भले समय की सबको आस
सबके सब करते उपवास
पाहन छींटे पानी सब पर
फिर बाटेंगे फूल भी घर-घर
सबको देंगे शुभ आशीष
सबका जीवन लाख बरीस
चारों ओर वसंत है छाया
सरहुल का शुभ दिन है आया





मांदर पर सब थाप लगाएं
मिलजुल कर सब नाचें गाएं
धरती माता सब सुख देगी
अन्न और जल से घर भर देगी
ग्राम देवता का वरदान
दुखी रहे न कोई किसान
आज का दिन सबके मन भाया
सरहुल का शुभ दिन है आया

## अंग्रेजी महीने

| नाम | दिनों की संख्या |
|---|---|
| जनवरी | 31 |
| फरवरी | 28 या 29 |
| मार्च | 31 |
| अप्रैल | 30 |
| मई | 31 |
| जून | 30 |
| जुलाई | 31 |
| अगस्त | 31 |
| सितम्बर | 30 |
| अक्तूबर | 31 |
| नवम्बर | 30 |
| दिसम्बर | 31 |

## हिन्दी महीने

| | |
|---|---|
| चैत्र | ( चैत ) |
| वैशाख | ( बैसाख ) |
| ज्येष्ठ | ( जेठ ) |
| आषाढ़ | ( आसाढ़ ) |
| श्रावण | ( सावन ) |
| भाद्रपद | ( भादो ) |
| आश्विन | ( आसिन ) |
| कार्तिक | ( कातिक ) |
| अग्रहण | ( अगहन ) |
| पौष | ( पूस ) |
| माघ | ( माघ ) |
| फाल्गुन | ( फागुन ) |

जिस साल में 4 से भाग देने पर पूरा-पूरा कट जाए उस साल फरवरी 29 दिनों की होती है। जैसे - 2012, 2016, 2020, 2024 में फरवरी 29 दिनों की होगी। उस वर्ष को लीप ईयर कहते हैं। एक साल में 365 दिन होते हैं। लीप ईयर में 366 दिन होते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 30 या 31 दिन | = | 1 महीना |
| 12 महीना | = | 1 साल |
| 7 दिन | = | 1 सप्ताह |

## अभ्यास

1. पढ़ें और सवालों के जवाब लिखें :

सोहराय संतालों का बड़ा त्योहार है। यह पूस माह में मनाया जाता है। इस समय तक धान की फसल कट जाती है। नई फसल के साथ देवी-देवता की पूजा की जाती है। सोहराय पर्व में पशुओं की पूजा की जाती है। यह त्योहार हमें मिलजुलकर रहने का संदेश देता है। साथ ही पशुओं से प्रेम एवं दोस्ती की बात बताता है।

- सोहराय किनका सबसे बड़ा त्योहार है?
  ..........................................................................
- सोहराय कब मनाया जाता है?
  ..........................................................................
- सोहराय पर्व हमें क्या संदेश देता है?
  ..........................................................................
  ..........................................................................

2. खाली स्थानों को भरें :

- सरहुल में .............. पेड़ का बड़ा महत्व है।
- सरना स्थल पर .............. में पानी रखा जाता है।
- ग्राम देवता का .................. दुखी रहे न कोई किसान।
- अन्न और जल से ................ भर देगी।

3. पढ़े पाठ के आधार पर सवालों के जवाब लिखें :

- सरहुल में किस पेड़ के पत्तों से पूजा की जाती है?

  ..........................................................................................

- सब पर पानी कौन छींटता है?

  ..........................................................................................

- किस पर थाप लगाकर सब नाचते हैं?

  ..........................................................................................

4. सामुदायिक भवन की मरम्मती के संबंध में अपने विधायक के पास पत्र लिखें :

5. चित्र देखकर लिखें :



.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

6. हल करें :

| किलोमीटर | मीटर | | लीटर | मिलीलीटर |
|---|---|---|---|---|
| 15 | 220 | | 55 | 350 |
| + 10 | 200 | | − 25 | 150 |
| | | | | |

7. ● दो सप्ताह में कितने दिन होंगे?

.....................................................................

● साल के तीसरे महीने का नाम लिखें?

.....................................................................

# पाठ-12


# झारखंड के शहीद

झारखंड की जनजातियां स्वभाव से ही स्वतंत्रता प्रिय रही हैं। इसीलिए अंगरेजी शासन के खिलाफ यहां कई आंदोलन हुए।



ऐसा एक आंदोलन बुधु भगत के नेतृत्व में हुआ था। बुधु भगत ने शोषण के खिलाफ लड़ाई शुरू की। बाद में लोगों को अंगरेजी शासन के खिलाफ संगठित किया।

संताल परगना में महाजन और जमींदार अंगरेजों के साथ मिल गए। वे सीधे-सादे संतालों का शोषण करते थे। तिलका मांझी ने युवकों को संगठित किया। अंगरेज भगाओ, अपना राज बनाओ का नारा दिया। उनका संघर्ष बाद में संताल हूल के रूप में फूटा।



हूल यानी आंदोलन। इस आंदोलन के नायक दो भाई सिदो और कानू थे। आजादी के लिए लड़ते हुए वे शहीद हुए। आज भी इनकी याद में

हूल दिवस मनाया जाता है।



झारखंड में 1857 की लड़ाई में ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव ने नेतृत्व किया। शेख भिखारी और पाण्डेय गणपत राय ने उनका साथ दिया। इनके योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है।

इसी समय पलामू में अंगरेजों के खिलाफ आंदोलन शुरू हुआ। इसके नायक नीलाम्बर और पीताम्बर दो भाई थे।



झारखंड में बिरसा मुंडा को कौन नहीं जानता। बिरसा ने मुंडाओं को संगठित किया। बिरसा के आंदोलन ने अंगरेजों की नींद उड़ा दी थी। बिरसा के सहयोगी गया मुण्डा को नहीं भूला जा सकता।

महापुरुषों के नेतृत्व में यहां कई सुधारवादी आंदोलन भी चले। इनमें तेलंगा खड़िया तथा जतरा टाना भगत का नाम प्रमुख है।

# गणित

आइए गणित दुहराएं :

## जोड़ें :

| | | |
|---|---|---|
| 8 6 | 9 8 | 25 रुपए 50 पैसे |
| + 1 3 | + 5 4 | + 25 रुपए 25 पैसे |
| 9 9 | 1 5 2 | 50 रुपए 75 पैसे |

## घटाव :

| | | |
|---|---|---|
| 7 8 | 3 5 | 25 किलोग्राम 500 ग्राम |
| − 3 2 | − 1 7 | − 10 किलोग्राम 200 ग्राम |
| 4 6 | 1 8 | 15 किलोग्राम 300 ग्राम |

## गुणा :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 1 2 | 1 5 |
| x 6 | x 4 | x 6 | x 5 |
| 24 | 28 | 7 2 | 7 5 |

## भाग :

4 ) 26 (        5 ) 35 (

7 ) 56 (        9 ) 81 (

## अभ्यास

**1. पढ़ें और सवालों के जवाब लिखें :**

रोहतास गढ़ पर चेरो उरांव का शासन था। मुगल रोहतास गढ़ पर कब्जा करना चाहते थे। सरहुल के दिन सभी मर्द नशे में मदहोश थे। मौका देखकर मुगलों ने रोहतास गढ़ पर आक्रमण किया।

सिनगी दई रोहतास गढ़ की वीर महिला थीं। उसने कैली दई के साथ मिलकर महिला सेना बनाई। महिलाओं ने पुरुष सैनिकों का भेस धारण किया। युद्ध में कूद पड़ीं। मुगल सेना को पीछे हटना पड़ा। फिर भयंकर युद्ध हुआ।

मुगलों ने रोहतास गढ़ पर कब्जा कर लिया। पर सिनगी दई को वे नहीं पकड़ पाए। आदिवासी महिलाएं इस दिन को जनी शिकार के रूप में मनाती हैं।

- रोहतास गढ़ पर किसका शासन था?
  ..........................................................................
- सिनगी दई ने किसके साथ मिलकर सेना बनाई?
  ..........................................................................

**2. खाली स्थानों को भरें :**

- शोषण के खिलाफ .............. शुरू की।
- अंगरेजों के साथ महाजन और .............. मिल गए।
- इसके नायक नीलाम्बर और .............. दो भाई थे।
- .............. ने मुंडाओं को संगठित किया।

3. पढ़े पाठ के आधार पर सवालों के जवाब लिखें :

- तिलका मांझी ने क्या नारा दिया?

  ..............................................................................

- अंगरेजों के साथ कौन मिल गए थे?

  ..............................................................................

- ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को लड़ाई में किसने साथ दिया था?

  ..............................................................................

4. यह चित्र धरती आबा बिरसा मुंडा का है। इनके बारे में चार वाक्य लिखें :



..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

5. जोड़ें :

| | | |
|---|---|---|
| 9 2 | 7 8 | 50 रुपए 75 पैसे |
| + 3 5 | + 6 6 | + 15 रुपए 20 पैसे |
| ____ | ____ | ____ |

6. घटाएं :

| | | |
|---|---|---|
| 8 9 | 6 7 | 49 किलोग्राम 700 ग्राम |
| − 3 6 | − 3 9 | − 20 किलोग्राम 500 ग्राम |
| ____ | ____ | ____ |

7. गुणा करें :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 5 | 2 5 |
| x 6 | x 4 | x 5 | x 6 |
| ____ | ____ | ____ | ____ |

8. भाग दें :

5 ) 45 (            6 ) 54 (

7 ) 58 (            8 ) 75 (

# पढ़ें गढ़ें बढ़ें

भाग–2

साक्षर भारत

## जांच पत्रक–6

## लिखाई

**1. लिखें**

अपना नाम ..................................................................

पिता/पति का नाम ..................................................

गांव .......................................................................


आपको पढ़ाने वाले का नाम .....................................

आपकी उम्र ..............................................................


**2. चित्रों के नाम लिखें और उनसे वाक्य बनाएं।**




............. ..............................................



............. ..............................................



............. ..............................................



............. ..............................................

3. अपने किसी संबंधी को चिट्ठी लिखें। चिट्ठी में बताएं कि पढ़ना-लिखना सीख जाने पर आपको कैसा महसूस हो रहा है?

..........................

..........................

...............................

.......................................

................................................................................

................................................................................

................................................................................

................................................................................

................................................................................

................................................................................

................................................................................

................................................................................

................................................................................

..........................

..........................

## पत्र पाने वाले का पूरा पता लिखें।

..............................................

..............................................


..............................................

..............................................

..............................................

4. सवालों के जवाब लिखें।

(क) चित्र में क्या हो रहा है?



जवाब ..............................................................
..............................................................

(ख) यह चिह्न किस चीज का संकेत है?





........................ ........................

(ग) पढ़ें:

मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है। यह सुंदरता का प्रतीक है। इसे मारना और पकड़ना अपराध है।

सवाल : भारत का राष्ट्रीय पक्षी किसे कहते हैं?

जवाब ..............................................................

5. पढ़ें और सवालों के जवाब लिखें।

हमारे देश में लोकतंत्र है। लोकतंत्र का आधार है वोट या मतदान। 18 वर्ष से ऊपर के हर व्यक्ति को वोट देने का हक है। इसी से राज्य या केंद्र में सरकारें बनती हैं। वोट हमेशा अपने मन से दें। किसी के डर, लालच या बहकावे में आकर वोट देना गलत है।

मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं। अपने नाम पर ही वोट डालें। इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन पर सही जगह पर बटन दवाएं।

- हमारे देश में क्या है?

  ..........................................................................................

- लोकतंत्र का आधार क्या है?

  ..........................................................................................

- वोट देने का अधिकार किसे है?

  ..........................................................................................

- अपना नाम कहां दर्ज कराएं?

  ..........................................................................................

6. छुटी हुई गिनती लिखें।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 76 | | | | 80 | | | | | 85 |

7. जोड़ें :

(क) 56 + 27 = ______

90 + 42 = ______

55 मीटर 50 सेंटीमीटर + 42 मीटर 25 सेंटीमीटर = ______

( ख )    1 लीटर = [ ] मिलीलीटर

1 मीटर = [ ] सेंटीमीटर

1 किलोग्राम = [ ] ग्राम

1 महीना = [ ] दिन

8. घटाएं :

| | | |
|---|---|---|
| 75 | 52 | 55 रुपए 50 पैसे |
| − 21 | −19 | − 35 रुपए 25 पैसे |
| ______ | ______ | ______ |

9. गुणा करें :

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 9 | 1 5 |
| x 2 | x 8 | x 7 |
| ______ | ______ | ______ |

10. भाग दें :

2 ) 8 (     4 ) 32 (     6 ) 30 (

11. घड़ी में कितने बजे हैं लिखें :



.................



.................